प्रतियोगिता

प्रथम जबलपुर ड्यूबॉल लीग चैम्पियनशिप

# खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी ने जीता दोहरा खिताब





**नवभारत,जबलपुर ।** रविवार को सनातन धर्म पब्लिक स्कूल के खेल प्रांगण में एक दिवसीय ड्यूबॉल लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सनातन धर्म शाला प्राचार्या मौलश्री दुबे के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में आगरा उत्तरप्रदेश, विदर्भ महाराष्ट्र, शुजालपुर मध्य प्रदेश, गोटेगांव नरसिंहपुर से 6 बालक एवं 4 बालिकाओं की 19 वर्षीय कम आयु के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता राउंड रॉबिन लीग पद्धति के आधार पर खेली गई।

### जबलपुर जूनियर गर्ल्स की टीम बनी उपविजेता

प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी एवं जबलपुर जूनियर गर्ल्स के मध्य फाइनल खेला गया, जिसमें बड़े ही रोमांचक मैच के पश्चात खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी ने 7-2 से शानदार जीत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबलपुर जूनियर गर्ल्स ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान एसडीए विदर्भ गर्ल्स ने प्राप्त किया।

### तनवी व श्रद्धा का बेहतरीन प्रदर्शन

खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम में तनवी सतनामी, अंशिका जँघेला, तनुजा सेन, चांदनी बर्मन तथा श्रद्धा पांडे ने शानदार प्रदर्शन किया वही दूसरी तरफ जबलपुर जूनियर गर्ल्स की टीम में नैना साहू, सानिया, आभा, प्रियंका आदि ने बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया।

### इन खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी में अनिकेत पासी, वैभव गुप्ता, रितेश ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जबलपुर जूनियर ब्वॉयज के अंकित, टिंकू, रोहन, शरद पीयूष आदि ने शानदार प्रदर्शन दिखाया।

### इनकी रही उपस्थिति

समापन समारोह में रजनीश जैन सचिव मप्र ड्यूबॉल एसोसिएशन, हर्षित सिंघई अध्यक्ष मध्यप्रदेश ड्यूबॉल एसोसिएशन, डॉ. रोहित वर्मा, शक्ति राठौर, मनसुख चौहान, अनीता साहू, शैला मथाई अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी, कुलदीप कौर, रणजीत कौर, राहुल शिखरवार राष्ट्रीय निर्णायक ड्यूबॉल, रोहन पटेल, आकाश राजपूत, प्रदीप राजपूत, शैरिल थॉमस आदि उपस्थित रहे।

### ये रहे निर्णायक

मैच के निर्णायक की भूमिका पलक चंसौरिया, महक जायसवाल ने निभाई। उक्त प्रतियोगिता का संचालन विश्वामित्र अवॉर्डी हरमिंदर सिंह ढिल्लो एवं जगपाल सिंह ढिल्लो द्वारा किया गया।

### जबलपुर जूनियर ब्वॉयज की टीम रही दूसरे स्थान पर

बालक वर्ग में फाइनल मैच खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी एवं जबलपुर जूनियर ब्वॉयज के मध्य खेला गया। जिसमें खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी ब्वॉयज ने जबलपुर जूनियर ब्वॉयज को 4-3 गोलों से परास्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जबलपुर जूनियर ब्वॉयज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान डिवाइन वॉरियर्स (उत्तरप्रदेश) ने प्राप्त किया।





# लीजेंडरी रन में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

- स्व. ईश्वर दास रोहाणी की जयंती पर शिवाजी ग्राउंड से सदर तक दौड़, विधायक अशोक रोहाणी ने दिखाई हरी झंडी, पुलिस ने चलाया 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान

**नवभारत,जबलपुर।** स्वर्गीय ईश्वर दास रोहाणी की जयंती के अवसर पर रविवार को शिवाजी ग्राउंड से सदर क्षेत्र तक आयोजित 'लीजेंडरी रन' में करीब पांच हजार युवाओं, खिलाड़ियों, स्कूली बच्चों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। आयोजन के दौरान मध्य प्रदेश पुलिस ने 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत साइबर अपराधों से बचाव को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया।

कार्यक्रम में सीएसपी कैंट एवं थाना प्रभारी कैंट पुष्पेंद्र पटले ने उपस्थित जनसमूह को साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे से सावधान रहने की अपील करते हुए डिजिटल सुरक्षा के महत्वपूर्ण उपाय बताए।

उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता अपनाकर ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी अथवा पासवर्ड साझा नहीं करने, 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे फर्जी कॉल से सतर्क रहने, क्यूआर कोड स्कैन करते समय सावधानी बरतने तथा साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी ने स्व. ईश्वर दास रोहाणी के सेवा, समर्पण और जनकल्याण के कार्यों को स्मरण करते हुए कहा कि आज के समय में शारीरिक फिटनेस के साथ डिजिटल सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है।

उन्होंने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करने का आह्वान किया। दौड़ में शामिल प्रतिभागियों ने हाथ उठाकर साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ ली। सफेद कैप पहनकर शामिल हुए प्रतिभागियों ने फिट इंडिया और सुरक्षित डिजिटल भारत का संदेश दिया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पुलिस ने बताया कि 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत शहर में लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा एम. एम. डाइनिंग रेस्टुरेंट चौथा पुल में मेधावी छात्र सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में समाज के उन प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार, समाज और शहर का नाम गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन ने विद्यार्थियों से निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों के योगदान की भी सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से ही विद्यार्थी सफलता के शिखर तक पहुँचते हैं। कार्यक्रम के अंत में सौम्या वर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष के.के. श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष प्रणीत वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, राजेंद्र व्यौहार, अंकुर श्रीवास्तव, प्रियंक श्रीवास्तव, दीपांशु श्रीवास्तव, शक्ति श्रीवास्तव और श्रद्धा श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में समाजजन, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# श्रीराम दरबार में गूंजी सुंदरकांड की चौपाइयां

**नवभारत, जबलपुर।** श्री अयोध्यावासी वैश्य महिला मंडल नगर सभा के तत्वावधान में रविवार को उजारपुरवा स्थित श्रीराम मंदिर में भक्ति और श्रद्धा के वातावरण के बीच सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर सुंदरकांड की चौपाइयों और श्रीराम नाम के जयघोष से गुंजायमान रहा। बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने सहभागिता कर विश्व शांति, सामाजिक सद्भाव तथा परिवारों के सुख-समृद्धि की मंगलकामना की।



महिला मंडल की अध्यक्ष भावना गुप्ता ने बताया कि सुंदरकांड पाठ भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है। ऐसी मान्यता है कि इसके नियमित पाठ से जीवन के संकट, भय और बाधाओं का निवारण होता है तथा घर-परिवार में सुख, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि सामूहिक धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, संस्कार और आपसी सौहार्द भी मजबूत होता है। श्री अयोध्यावासी वैश्य महिला मंडल की सचिव अपर्णा गुप्ता ने बताया कि आयोजन में महिला मंडल की सदस्यों के साथ क्षेत्र की धर्मप्रेमी महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति का वातावरण बना रहा। अंत में श्रीराम जी कीआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर निधि, बबिता, पूर्णिमा, शैलजा, सारिका, आभा, सावित्री, गायत्री, सपना, आरती, पूजा सहित महिला मंडल की समस्त सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष भावना गुप्ता ने नियमित रूप से सामूहिक सुंदरकांड पाठ आयोजित करने का संकल्प लिया।

# ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के विद्यार्थियों ने जाना कैसे चलती हैं फैक्ट्रियां

- वाणिज्य संकाय के छात्रों ने सीखे उद्यमिता और राइस मिल प्रबंधन के गुर



**मंडला।** अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर स्थानीय ब्रेन चाइल्ड एकेडमी द्वारा कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके तहत विद्यार्थियों ने मोहनटोला स्थित न्यूट्रिजो मिलेट्स प्राइवेट लिमिटेड एवं सिद्ध बाबा राइस मिल का दौरा किया। इस अनूठे भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराना और उनके सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक दुनिया से जोड़ना था।

**उत्पादन से लेकर ब्रांडिंग तक को समझा :** भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने कच्चे माल के आने से लेकर तैयार उत्पाद बनने तक की संपूर्ण उत्पादन श्रृंखला को देखा। उन्होंने फैक्ट्रियों में गुणवत्ता नियंत्रण, आपूर्ति प्रबंधन, वित्त, विपणन (मार्केटिंग) और ब्रांडिंग रणनीतियों जैसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

**उद्यमियों से सीधा संवाद :** औद्योगिक इकाई के संचालक परिवार से नमन पमनानी एवं तनिष्क पमनानी ने विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने एक विशेष प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से छात्रों की शंकाओं का समाधान किया और उद्यमिता व भविष्य के करियर विकल्पों पर अपने अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों ने माना कि इस भ्रमण से उन्हें व्यवसाय अध्ययन, अर्थशास्त्र और लेखाशास्त्र जैसे कठिन विषयों को गहराई से समझने में मदद मिली। विद्यालय के निदेशक निशांत शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन और शिक्षिकाओं नित्या चौरसिया व अर्चना पाठक की संकल्पना से यह आयोजन सफल रहा। विद्यालय प्रबंधन ने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों में नेतृत्व व नवाचार की भावना जगाने के लिए बेहद जरूरी बताया और उद्योग प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर की सख्ती के बाद एसडीएम का एक्शन

# अवैध कॉलोनी मामले में तथ्य छिपाने वाला पटवारी निलंबित

**नैनपुर, नवभारत ।** नैनपुर अनुभाग के अंतर्गत अवैध कॉलोनाइजिंग के एक गंभीर मामले में लापरवाही और तथ्य छिपाने पर प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे को प्राप्त हुई एक शिकायत के बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नैनपुर आशुतोष ठाकुर ने मामले की जांच कराई। जांच में दोषी पाए जाने पर तत्कालीन पटवारी अनिल तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जानकारी अनुसार ग्राम नैनपुर पटवारी हल्का क्रमांक 17/33 स्थित एक भूमि के नामांतरण की प्रक्रिया चल रही थी। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि उक्त भूमि पर अवैध कॉलोनाइजिंग और अवैध प्लॉटिंग की गतिविधियां संचालित हो रही थीं। इसके बावजूद, तत्कालीन पटवारी अनिल तिवारी ने अपने प्रतिवेदन में इस अति-महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाया और वरिष्ठ कार्यालय को एक भ्रामक व सकारात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी।

**अपर कलेक्टर न्यायालय में लंबित था मामला :** तहसीलदार नैनपुर के जांच प्रतिवेदन और राजस्व अभिलेखों से यह भी साफ हुआ है कि उक्त विवादित भूमि पर अवैध कॉलोनाइजिंग का एक प्रकरण पहले से ही अपर कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन था। न्यायालयीन मामला होने और अवैध गतिविधियों की पूरी जानकारी होने के बाद भी पटवारी द्वारा नामांतरण के पक्ष में रिपोर्ट देना, शासकीय कार्यों के प्रति उनकी गंभीर लापरवाही और संदेहास्पद भूमिका को दर्शाता है।

### निलंबन के आदेश जारी

इस गंभीर अनियमितता को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम आशुतोष ठाकुर ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत पटवारी श्री अनिल तिवारी के विरुद्ध निलंबन की दंडात्मक कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से भू-माफियाओं से सांठगांठ करने वाले और शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आई दो महिला, एक बच्चा



- अचानक बदले मौसम के बीच देवरी कला में आकाशीय बिजली गिरने से हादसा

**बबलिया।** क्षेत्र में अचानक बदले मौसम के मिजाज के बीच स्थानीय देवरी कला बबलिया में आकाशीय बिजली का तांडव देखने को मिला। यहाँ एक रिहायशी मकान पर तेज गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। इस दर्दनाक हादसे में घर में मौजूद तीन लोग इसकी चपेट में आ गए। जिनमें दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। बताया गया कि घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को आनन-फानन में नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहाँ चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार देने के बाद, तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल मंडला रेफर कर दिया गया। फिलहाल घायलों का उपचार जारी है।

राहत

एसईसीआर ने जारी किया आदेश, 30 जुलाई तक शुरू होगी नई व्यवस्था

# मंडला फोर्ट स्टेशन पर अब रात में ही होगी ट्रेनों की सफाई

**मंडला, नवभारत।** क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार और यात्रियों की बुनियादी समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे स्वतंत्र रेल कार्यकर्ता नितिन सोलंकी की मुहिम आखिरकार रंग लाई है। मंडला फोर्ट टर्मिनल स्टेशन पर रात के समय घंटों खड़ी रहने वाली ट्रेनों में साफ-सफाई और पानी न भरे जाने की गंभीर समस्या का दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने संज्ञान ले लिया है। रेलवे ने आधिकारिक तौर पर इस व्यवस्था को सुधारने के लिए हरी झंडी दे दी है, जिससे क्षेत्र के रेल यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रेल कार्यकर्ता नितिन सोलंकी ने जनहित के तहत प्रधानमंत्री कार्यालय और रेलवे बोर्ड को एक शिकायत भेजी थी। उन्होंने अवगत कराया था कि वर्तमान समय सारणी के अनुसार, जबलपुर/नैनपुर की ओर से आने वाली पैसेंजर ट्रेन रात लगभग 12 बजे मंडला फोर्ट स्टेशन पर आकर खड़ी हो जाती है। इसके बाद यही ट्रेन अगले दिन सुबह 05.10 बजे मंडला फोर्ट-जबलपुर पैसेंजर (51704) के रूप में रवाना होती है। बताया गया कि यह रैक पूरे 5 घंटे तक मंडला फोर्ट स्टेशन पर निष्क्रिय खड़ा रहता था, लेकिन इसमें पानी भरने और सफाई की व्यवस्था यहाँ न होकर नैनपुर जंक्शन पर की जाती थी। नैनपुर में पानी भरने के बाद, ट्रेन के मंडला आने, रात भर खड़े रहने और सुबह रवाना होने के बीच एक लंबा समय बीत जाता था। इस वजह से सुबह यात्रा शुरू करने वाले यात्रियों—विशेषकर महिलाओं, वृद्धों और बच्चों को कोचों के शौचालयों में पानी की भारी किल्लत और गंदगी का सामना करना पड़ता था।



### रेलवे का सकारात्मक फैसला और समय-सीमा तय

नितिन सोलंकी द्वारा सुझाए गए वैकल्पिक उपायों पर विचार करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के यांत्रिक विभाग ने सकारात्मक रुख अपनाया है। रेलवे द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार मंडला फोर्ट स्टेशन में सवारी गाड़ी की साफ-सफाई एवं पानी भरने संबंधी प्रस्तावित कार्य निजी अनुबंध 30 जुलाई तक प्रारंभ होने की संभावना है। जब तक यह नई व्यवस्था पूरी तरह से शुरू नहीं हो जाती, तब तक वैकल्पिक रूप से इन ट्रेनों की साफ-सफाई और पानी भरने का कार्य नैनपुर में यांत्रिक विभाग द्वारा सुचारू रूप से कराया जाता रहेगा।

### इन ट्रेनों के संचालन की भी जगी उम्मीदें

क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक और अच्छी खबर है। इस नई व्यवस्था के लागू होने और बुनियादी ढांचे के मजबूत होने से दो प्रमुख ट्रेनों पेंचवेली एक्सप्रेस और मंडला-नागपुर-मंडला इंटरसिटी एक्सप्रेस के संचालन का रास्ता भी साफ होता नजर आ रहा है। बताया गया कि पेंचवेली एक्सप्रेस ट्रेन को अब मंडला से इंदौर तक चलाए जाने की उम्मीद है। वहीं मंडला-नागपुर-मंडला इंटरसिटी एक्सप्रेस बहुप्रतीक्षित ट्रेन के भी जल्द ही मंडला से चालू होने की संभावना जताई जा रही है।